*No. of pages - 8* **(M)**

**CLASS: IX**
**SUBJECT: HINDI (A)**

**TIME : 3 HRS.** **M.M. 80**

***सामान्य निर्देश:***

1. *इस प्रश्न-पत्र के चार खंड है- क,ख,ग,घ।*
2. *चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।*
3. *अंक प्रश्नों के सामने अंकित हैं।*
4. *प्रत्येक उत्तर लिखने के बाद एक पंक्ति अवश्य छोड़ दीजिए।*

## खंड 'क' - अपठित बोध - 15 अंक

**प्र 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए-** 8

मन की शक्ति वैसे तो प्रकृति की देन होती है परंतु बालक को चरित्रवान, साहसी, निर्भीक और स्वच्छ सोच वाला बनाना माता-पिता पर निर्भर करता है। बचपन से ही बच्चे को उच्च चरित्र और साहस की कहानियाँ सुनाकर उसको अच्छे व्यक्ति के रूप में ढाला जा सकता है। बाहरी वातावरण का प्रभाव भी बच्चे के मन पर पड़ता है। हमें ऐसा वातावरण बनाना चाहिए। जिससे बच्चे का मन सशक्त बन सके। कठिन परिस्थितियाँ मनुष्य को झुकने पर विवश कर देती हैं। मुसीबतों के सामने तो बड़े से बड़े व्यक्ति भी साहस खो बैठते हैं। लक्ष्मण को मूर्च्छित होते देखकर राम भी घबरा गए। बच्चों को भूख से बिलखते देखकर राणा प्रताप ने भी साहस खो दिया था, परंतु वे इस पर काबू पा गए। इसी कारण वे महापुरूष कहलाए। मन के हारने के पीछे डर की भावना होती है। मनुष्य स्वभाव से शांति-प्रिय है। वह सुख चाहने वाला है। लगातार संघर्ष झेलने के बाद उसका मन हारने लगता है।

मन को हमेशा आशावान बनाए रखना चाहिए। 'किंग ब्रूस एंड स्पाइडर' की कहानी हमें बताती है कि मकड़ी अनेक बार असफल होने पर भी अंत में ऊपर चढ़ने में सफल हो जाती है।

**प्रश्न-**

(i) बच्चे के व्यक्तित्व के निर्माण में किस-किसका योगदान होता है और कैसे? 2

(ii) बड़े से बड़े व्यक्ति भी कब साहस खो बैठते हैं, उदाहरण देकर लिखिए। 2

(iii) इस गद्यांश से हमें क्या शिक्षा मिलती है? 2

(iv) 'किगं ब्रूस एंड स्पाइडर' की कहानी हमें क्या करने को कहती है? 1

(v) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

**प्र 2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए-** 7

एक दिल भी जी मगर

तू ताज बनकर जी,

अटल विश्वास बनकर जी

अमर युग-गान बनकर जी।

आज तक तू समय के

पद-चिह्न-सा खुद को मिटाकर,

कर रहा निर्माण जग-हित

एक सुखमय स्वर्ग सुंदर,

स्वार्थी दुनिया मगर

बदला तुझे यह दे रही है-

भूलता युग-गीत तुझको ही

सदा तुझसे निकलकर

'कल' न बन तू जिंदगी का

'आज' बनकर जी

जगत सरताज बनकर जी

एक दिन भी जी मगर

तू ताज बनकर जी।।

**प्रश्न-**

(i) कवि ने मनुष्य को एक दिन ही जीने की प्रेरणा क्यों दी है? 2

(ii) दुनिया को स्वार्थी क्यों कहा गया है? 2

(iii) 'कल' और 'आज' शब्द किसके प्रतीक हैं? 1

(iv) 'जग-हित' में कौन-सा समास है? 1

(v) इस काव्यांश का शीर्षक लिखिए। 1

## खंड 'ख' - व्याकरण - 15 अंक

**प्र 3 (क) निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-** 4

(i) उपसर्ग व मूल शब्द अलग कीजिए- अन्याय 1

(ii) 'बे'- उपसर्ग लगाकर शब्द बनाकर लिखिए। 1

(iii) 'सम्मानित'-शब्द से प्रत्यय और मूलशब्द अलग कीजिए। 1

(iv) 'ई' - प्रत्यय लगाकर एक शब्द बनाकर लिखिए। 1

(ख) विग्रह करके समास का नाम लिखिए- 3

(i) दोराहा 1

(ii) सुख-दुख 1

(iii) राजमहल 1

**प्र 4 (क) अर्थ के आधार पर वाक्यों के भेद लिखिए-** 2

(i) शायद वह अब सुधर जाए। 1

(ii) तुम किसके साथ जाओगे? 1

**(ख) मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों के भेद लिखिए-** 2

(i) कलेजे पर पत्थर रखना 1

(ii) टेढ़ी खीर होना 1

**प्र 5 काव्यांशो को पढ़कर अलंकार के भेद पहचानकर लिखिए-** 4

(i) रघुपति राघव राजा राम। 1

(ii) वह दीपशिखा-सी शांत भाव से लीन। 1

(iii) सागर के उर पर नाच-नाच। 1

(iv) और सरसों की न पूछो हो गई इतनी सायनी 1

हाथ पीले कर लिए हैं ब्याह मंडप में पधारी।

## खंड 'ग' - पाठ्य पुस्तक व पूरक पुस्तक - 30 अंक

**प्र 6 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 5

जगह-जगह फौजी चौकियाँ और किले बने हुए हैं, जिनमें कभी चीनी पलटन रहा करती थी। आजकल बहुत से फौजी मकान गिए चुके हैं। दुर्ग के किसी भाग में जहाँ किसानों ने अपना बसेरा बना लिया है, वहाँ कुछ घर आबाद दिखाई पड़ते हैं। ऐसे ही परित्यक्त एक चीनी किला था, वहाँ हम चाय पीने ठहरे। वहाँ जाति-पाँति, छुआछुत का सवाल ही नहीं है और न ही औरतें परदा करती हैं। बहुत निम्न श्रेणी के भिखमंगों को लोग चोरी के डर से घर के भीतर नहीं आने देते, नहीं तो आप बिल्कुल घर के भीतर जा सकते हैं।

**प्रश्न-**

(i) किले की दशा कैसी थी? लेखक के ठहरने का क्या कारण था? 2

(ii) तिब्बत की किन्हीं दो प्रथाओं को लिखिए। (गद्यांश के आधार पर) 2

(iii) किस डर के कारण वहाँ के लोग निम्न श्रेणी के लोगों को घर मे नहीं घुसने देते थे? 1

**प्र 7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 2×4=8

(i) आप सभी जानते हैं कि आज़ादी आसानी से नहीं मिलती उसके लिए संघर्ष करना पड़ता है। पाठ 'दो बैलों' की कथा में हीरा-मोती दोनो बैलों ने अपनी आज़ादी के लिए क्या संघर्ष किए? लिखिए।

(ii) भारतीय संस्कृति और पाश्चात्य संस्कृति के अनुसार सुख क्या है? 'उपभोक्तावाद की संस्कृति' पाठ के आधार पर लिखिए।

(iii) आप सालिम अली के किन गुणों को अपनाना चाहेंगे? पाठ के आधार पर लिखिए।

(iv) लेखक लकोर के मार्ग में अपने साथियों से क्यों पिछड़ गया।

**प्र 8 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 5

"मोरपखा सिर ऊपर राखिहौं, गुंज की माल गरें पहिरौंगी।

ओढ़ि पिताम्बर लै लकुटी बन गोधन ग्वारनि संग फिरौंगी।।

भावतों वोहि मेरो रसखानि सों तेरे कहे सब स्वाँग करौंगी।

या मुरलीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी।।"

**प्रश्न-**

(i) इस सवैये में अपने मन की बात किसने कही है? और किससे कही है। 2

(ii) गोपी, श्री कृष्ण के किन-किन रूपों को धारण करना चाहती है? 2

(iii) 'या मुरली मुरलीधर की' - में अलंकार पहचानकर लिखिए। 1

**प्र 9 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 2×4= 8

(i) ऊँचे कुल और अच्छे कर्मों में से आप किसे अधिक महत्व देंगे? और क्यों? कबीर की साखियों के आधार पर लिखिए।

(ii) कवि को ऐसा क्यों लग रहा है कि जैसे प्रकृति का स्वयंवर हो रहा है? 'चंद्रगहना' से लौटती बेर कविता के आधार पर उत्तर लिखिए।

(iii) कवयित्री ललद्यय ने कौन-सी सामाजिक बुराई का विरोध किया है? उनके अनुसार ईश्वर कहाँ बसता है?

(iv) कोयल की हुँकार पर कवि कौन-सा कार्य करना चाहते हैं? 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर लिखिए।

**प्र 10 (मूल्यपरक प्रश्न)** 4×1= 4

'इस जल प्रलय में'- पाठ में बाढ़ का पानी मृत्यु का तरल दूत बनकर आता है। बाढ़ जैसी आपदा आने पर हम लोगों की सहायता किस प्रकार कर सकते हैं। इस आपदा को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं? सोचकर लिखिए।

## खंड 'घ' - लेखन - 20 अंक

प्र 11 दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए- 10×1= 10

(i) **वृक्षारोपण: एक आवश्यकता**

भूमिका, वृक्षों की आवश्यकता, लाभ, मनुष्य के वृक्षो के प्रति कर्तव्य, निष्कर्ष

(ii) **इंटरनेट का प्रभाव**

भूमिका, आवश्यकता, लाभ, हानियाँ, विश्व पर प्रभाव, निष्कर्ष

(iii) **खेलों का महत्व**

भूमिका , खेलों के प्रकार, खेल मनोरंजन के साधन, लाभ, विद्यालयों में खेल, निष्कर्ष

प्र 12 विदेश में रहने वाले मित्र को रामलीला की विशेषताओं के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए। 5×1 = 5

या

आपके क्षेत्र में पिछले एक महीने से पीने का गंदा पानी आ रहा है। इस समस्या की ओर ध्यान दिलाते हुए बोर्ड अधिकारी को पत्र लिखिए।

प्र 13 परीक्षा का समय निकट आने पर समय का सदुपयोग करने के लिए अपने मित्र से संवाद कीजिए। 5×1= 5